
मार्च, 2021

Agra SMART CITY

# आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 2nd रैंक

31, मार्च, 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग



आगरा स्मार्ट सिटी ने 6वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो 2021 में अपने स्मार्ट हैल्थ सेन्टर परियोजना के लिए सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक निजी भागीदारी पहल का पुरस्कार जीता।

## अब घर के पास मिलेगा स्मार्ट इलाज।

स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत जहां एक ओर शहर को स्मार्ट बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर स्मार्ट आगरा को स्मार्ट इलाज सस्ती और बेहतर दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम परिसर में हैल्थ सेंटर आम लोगों के लिए आर्थिक रूप से बेहतर साबित हो रहा है। आम जनता को कम दरों पर बेहतर इलाज उनके ही घर के आस–पास मिले। स्मार्ट सिटी के सीईओ निखिल टीकाराम फुंडे द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार स्मार्ट हैल्थ सेंटर नगर निगम पर पिछले एक वर्ष में 27 हजार लोगों ने सुविधाऐं ली, जिसमें 55 सौ लोगों ने फ्री आंखों की जांचे, 1020 लोगों ने डॉक्टर से परामर्श एवं लगभग 20 हजार लोगों ने पैथोलॉजी, फार्मेसी एवं ऑप्टिकल पर सस्ती सुविधाओं का लाभ लिया। प्रथम चरण में तीनों सेंटरों पर सस्ती दवाईयां एवं खून की जांच के साथ–साथ वरिष्ठ डॉक्टर के द्वारा केवल 50 रूपये में परामर्श दिया जायेगा।



## स्मार्ट सिटी के कार्यो को देखकर खुश हुए उज्बेकिस्तान के राजदूत।





उज्बेकिस्तान के राजदूत अखातोव दिलशोद स्मार्ट सिटी के कार्यो को देखकर बेहद प्रभावित हुए। फतेहाबाद के कई प्रोजेक्ट्स के बाद उन्होंने कमांड एण्ड कंट्रोल सिस्टम को देखा। उन्होंने कहा कि यह बेहतर व्यवस्था है। ऐसा हमारे यहाँ भी होना चाहिए। मेयर नवीन जैन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आगरा और उज्बेकिस्तान के संबंधों को और बेहतर बनाकर साथ में हेंडीक्राफ्ट का काम खोलने की संभावना बनती हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई मुद्दों पर चर्चा की गई। दिलशोव सुबह 11 बजे नगर निगम पहुंचे, जहां मेयर नवीन जैन ने उनका जोरदार स्वागत किया। पच्चीकारी और जरदोजी की सीनरी भेंट करते हुए ताजमहल की प्रतिमा भी भेंट की। स्मार्ट सिटी सभागार में मेयर और राजदूत की बैठक हुई। इस दौरान लघु फिल्म दिखाई गई। समरकंद में रिवर कनेक्ट के साथ बेहतर कार्य हुआ। मेयर ने कहा तीन साल पहले हुए समझौते पर बेहतर निर्णय लिया गया। वही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योजनाओ पर मंथन किया गया। इस दौरान नगरायुक्त निखिल टीकाराम फुंड, विनोद कुमार, जीएम धर्मवीर गुप्ता, आनंद मेनन, ललित, अनुराग आदि उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त अमित कुमार की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आरटीओ के पास उपलब्ध वाहनों के डाटा को कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम से लिंक किया गया। उपलब्ध आंकड़ो के माध्यम से 15 साल पुराने वाहनों की पड़ताल की गई। इनमें 15 से 20 प्रतिशत वाहन ऐसे सामने आए



जो कॉन्डम हो चुके है। जो सड़क पर दौड़ रहे हैं। अभियान चलाकर ऐसे वाहनों को जब्त करने के निर्देश दिए। वही पिछली समीक्षा बैठक के महत्पूर्ण बिंदुओं पर चर्च की गई। जिसमें म्युनिसिपल अस्पताल, नगर नगम का जच्चा बच्चा केंद्र जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में नगरायुक्त, जीएम धर्मवीर गुप्ता, आनद मेनन, ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।



## कार्यालय में ही कराया गया कोविड टेस्ट।



स्मार्ट सिटी कार्यालय में ही सभी कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट कराया गया। एंटीजन और आरटीपीसीआर टेस्ट में सभी कर्मचारियों की रिपोर्ट नेगेटिव आयी। इसके साथ ही कार्यालय में कोरोना प्रोटोकॉल के तहत ही काम किया जा रहा हैं। सभी कर्मचारियों को रोस्टर के हिसाब से बुलाया जा रहा हैं। स्कैनिंग के बाद ही कार्यालय में प्रवेश दिया जा रहा हैं।

## स्मार्ट सिटी में मनाया गया महिला दिवस।



नगर निगम स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में महिला दिवस मनाया गया। जीएम धर्मवीर गुप्ता ने सभी महिलाओ को पुष्प गुच्छ देकर सम्मा. नित किया। उन्होंने कहा कि नारी ही इस संसार की नींव हैं। इस अवसर पर अमिता चतुर्वेदी, देवीना अग्रवाल, मिथिला, सुखमीत, शिवांगी, अनुराग, गौरव, पवन सिंह, पंकज, आकाश, विजय, इन्दल, अमित आदि उपस्थित रहे।

मार्च, 2021

Agra SMART CITY

आगरा स्मार्ट सिटी लिमिटेड 2nd रैंक

31, मार्च, 2021 तक भारत में स्मार्ट सिटी रैंकिंग



स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत, रिहैबिलिटेशन ऑफ माइनर रोड परियोजना में 70 किमी लंबी सड़कों का जीर्णोद्धार का कार्य तथा जल निकासी का कार्य किया जा रहा है.

## रिहैबिलिटेशन ऑफ माइनर रोड।

## 1200 एमएम की पाइप लाइन से जनता को राहत।



आगरा स्मार्ट सिटी की ओर से अम्बेडकर पुल से शाहजहां गार्डन तक पानी की पाइप लाइन डाली जा रही हैं। इससे जनता को काफी राहत मिल सकेगी। इसे लेकर बैठक का आयोजन भी किया गया, जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जल निगम, सिंचाई विभाग के कर्मचारियो के साथ बैठक कर जल्द से जल्द कार्य खत्म करने के निर्देश दिये।

## एएमयू ने किया निरीक्षण।



स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत एरिया डेवलपमेन्ट के तहत कराए जा रहे कार्यो का एएमयू, अलीगढ़ की टीम ने निरीक्षण किया। दो दिन टीम के सदस्यों ने काम को परखा। टीम ने ड्रेनेज सिस्टम की जांच की। प्रो0 नदीम खलील के नेतृत्व में आई टीम ने नाले में प्रयुक्त होने वाले और उससे बनाई जा रही बॉल की पैमाइश की। साथ ही कंक्रीट क्युरिंग की सलाह दी। इस दौरान अरुण प्रकाश एवं अन्य टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## स्मार्ट सिटी ने पहुँचाया अमेजॉन फ्लिपकार्ट तक।

जरदोजी और पच्चीकारी का काम करने वाली आगरा की महिलाएं अब फ्लिपकार्ट और अमेजॉन तक पहुंच गई हैं। आगरा स्मार्ट सिटी की ओर से दिए प्रशिक्षण ने उन्हें स्मार्ट बना दिया है। अब उनकी बनाई हुई चीजें विदेशो तक पहुँच रही हैं। ताजगंज, आगरा की तेलीपाड़ा निवासी बानो का कहना हैं कि अब काम के साथ हम शिक्षित और एडवांस भी हो रहे हैं। इसमे कोलाई, आगरा की महिलाओं ने भी बेहतर मुकाम हासिल किया हैं और सशक्त भी हो रही है। आगरा स्मार्ट सिटी के प्रशिक्षण से आर्थिक स्थिति तो मजबूत हुई हैं। साथ ही परिवार भी सुधार रहे हैं। महिलाओ का कहना हैं कि अब हम चटाई के पीछे नही अब गूगल पर रहते हैं।



## आईईटी खंदारी में आगरा स्मार्ट सिटी ने लगाई कार्यशाला।



डॉ भीमराव अम्बेडकर विवि0 के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर टेक्नोलॉजी में स्मार्ट सिटी की ओर से जागरूक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भविष्य के इंजीनियर्स ने शहर को और स्मार्ट बनाने के सुझाव दिए। साथ ही स्मार्ट सिटी को लेकर अपने ज्ञान को और निखारा। इसके साथ ही ताजनगरी को बेहतर बनाने के लिए स्मार्ट सिटी के साथ काम करने का संकल्प लिया। इस दौरान निदेशक डॉ वी के सारस्वत और आगरा स्मार्ट सिटी के पावन सिंह, एडमिन मैनेजर, गौरव, ललित कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पवन सिंह ने 19 परियोजन के विषय में जानकारी दी। वहीं गौरव चतुर्वेदी ने स्मार्ट सिटी की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। ललित कुमार गुप्ता ने कमांड एण्ड कंट्रोल सिस्टम के बारे में जानकारी दी, जिसमें स्मार्ट सिटी के तहत शहर में 2166 कैमरे लगाए गए हैं। क्राइम कंट्रोल में पुलिस की बेहतर मदद कर रहा हैं। इस दौरान चंद्र कुमार, अनिल कुमार सिंह, शोभित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ज्ञान श्रृंखला

स्मार्ट सिटी की ओर से हो रहे कार्यों से निःसंदेह शहर की तस्वीर बदल रही है। लेकिन इसमे नागरिकों की भागदारी भी अहमियत रखती है। कुछ जगह ऐसी हैं शहर में जहाँ विकास की दरकार है। शहरवासियों को अपने शहर को बेहतर बनाने के लिए आगे आना चाहिए। स्मार्ट सिटी से उम्मीद हैं,शहर आगरा में एरिया बेस्ड डेवलपमेंट के तहत बेहतर काम होगा।

पूरन डाबर
उद्योगपति